OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) and (b) As there is no Faculty/ School of Medical Sciences in the University of Hyderabad nor any medical college is attached with this University, question of any provision for postgraduate studies in this University does not arise.

**Regional Language Library**

597. SHRIMATI KAMLA SINHA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that he Regional Language Library, a branch library of the Central Secretariat Library, which is reopened after one and a half years is not being maintained well; and

(b) if so, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**राजस्थान विश्वविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण**

598. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में मारपीट तथा लटपाट की घटनाओं के कारण वहां का शैक्षणिक वातावरण अत्यधिक दूषित हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा)** : (क) और (ख) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार राजस्थान विश्वविद्यालय के भूतपूर्व कुलपति और इस विश्वविद्यालय के शिक्षकों के एक वर्ग ने वि०अ०आ० को उस तरीके के विरुद्ध, जिसमें साल ही में कुलपति को विश्वविद्यालय से हटाया गया था और उन घटनाओं के बारे में जो उस समय विश्वविद्यालय में घटित हुई, लिखा है । जहां तक राज्य विश्वविद्यालयों का संबंध है, प्रत्येक विश्वविद्यालय को स्वयं ही विनियमित करना होगा और राज्य सरकारों को, जिन्होंने ये विश्वविद्यालय स्थापित किये हैं, उनके प्रशासन तथा प्रबंध को विनियमित करना होगा क्योंकि उच्च शिक्षा प्रणाली एक विकेन्द्रीकृत प्रणाली है ।

**पुस्तकालयों को नई पुस्तकें भेजना**

599. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में प्रकाशित प्रत्येक नई पुस्तक की कुछ प्रतियां अनिवार्य रूप से पुस्तकालयों को भेजने का नियम लागू है ;

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जहां नये प्रकाशन भेजना आवश्यक होता है ;

(ग) विगत दो वर्षों के दौरान इस नियम के अनुसार किन-किन भाषाओं की कुल कितनी पुस्तकें उन पुस्तकालयों को भेजी गई हैं ; और

(घ) क्या विगत दो वर्षों के दौरान उन प्रकाशकों और व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही की गई, जिन्होंने उन स्थानों पर पुस्तकें नहीं भेजीं ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा)** : (क) जी, हां ।